Series : N4KLM

SET-2

प्रश्न-पत्र कोड **3/4/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (अ)
HINDI (A)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **खंड-क, ख, ग, घ** ।*

(iii) ***खंड-क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है ।*

(iv) ***खंड-ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है ।*

(v) ***खंड-ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है ।*

(vi) ***खंड-घ** में कुल **4** प्रश्न हैं ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

(viii) *यथासंभव **सभी** खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खंड – क

(अपठित बोध) **(14)**

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर !

वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें ?

हौसला वह क्या जिसे कुछ मुश्किलें पीछे हटा दें ?

वह प्रगति भी क्या जिसे कुछ रंगीन कलियाँ तितलियाँ

मुस्कुराकर गुनगुनाकर ध्येय-पथ, मंजिल भुला दें ?

ज़िंदगी की राह पर केवल वही पंथी सफल है,

आँधियों में, बिजलियों में जो रहे अविचल मुसाफिर !

पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर ।।

जानता जब तू कि कुछ भी हो तुझे बढ़ना पड़ेगा,

आँधियों से ही न खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा,
सामने जब तक पड़ा कर्त्तव्य-पथ तब तक मनुज ओ !
मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा,
है अधिक अच्छा यही फिर पंथ पर चल मुस्कुराता,
मुस्कुराती जाए जिससे ज़िंदगी असफल मुसाफिर !
पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर !

(i) कवि किसको मुस्कुराकर चलने के लिए कह रहे हैं ? **1**

(A) सफ़ल मुसाफिर को

(B) असफ़ल मुसाफिर को

(C) अविचल मुसाफिर को

(D) साहसी मुसाफिर को

(ii) 'वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें ?' पंक्ति में 'पथ के शूल' का अर्थ है : **1**

उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) पथ की बाधाएँ

(II) पथ की असफ़लताएँ

(III) पथ की सरलता

(IV) पथ की सफ़लता

विकल्प :

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं ।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) विकल्प (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल विकल्प (IV) सही है ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : 1

कथन : 'मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा'

कारण : मनुष्य जब कर्त्तव्य पथ पर चलता है तो उसे हर कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता है ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iv) 'आँधियों से ही नहीं खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ? 2

(v) काव्यांश में प्रयुक्त 'मुस्कुराकर चलने' से क्या आशय है ? 2

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

आकार में छोटी, पर प्रभाव में अद्वितीय चींटी, प्रकृति के सबसे संगठित और उद्देश्यपूर्ण प्राणियों में से एक है । भागवत पुराण और कई क्षेत्रीय भारतीय ग्रंथों में चींटियों की परिश्रमशीलता और सहयोग भावना को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है । चींटियाँ हमें सिखाती हैं कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि प्रतिबद्धता, सहयोग और निरंतरता से परिभाषित होता है ।

अकेली चींटी असहाय हो सकती है, परंतु समूह में वे असंभव को संभव कर देती हैं । यही सहयोगात्मक नेतृत्व का सार है । एक सच्चा नेता मात्र स्वयं की सफलता की आकांक्षा नहीं रखता, अपितु वह ऐसे तंत्र का निर्माण करता है, जहाँ सभी मिलकर योगदान दें और सभी सफलता प्राप्त करें ।

चींटियों का जीवन अत्यंत अनुशासित होता है । बिना बाहरी निगरानी के, वे भोजन संचित करती हैं । सुरंगें बनाती हैं और चुनौतियों का सामना करती हैं । चींटी यह सिखाती है कि महान उपलब्धियाँ किसी एक विलक्षण कार्य से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे, पर नियमित उद्देश्यपूर्ण प्रयासों से बनती हैं । चींटियाँ ध्यान आकर्षित नहीं करतीं । वे मौन भाव से योगदान देती हैं । यह 'निष्काम कर्म' की भावना का प्रतिबिंब है, यानि बिना फल की आसक्ति से किया गया कर्म । चींटी हमें सिखाती है कि शक्ति आकार से मापी नहीं जाती और ध्वनि से प्रभावित नहीं होती । वे सिद्ध करती हैं कि अनुशासन, विनम्रता, सहयोग और दृष्टि से, सबसे छोटा प्राणी भी अपना प्रभाव छोड़ सकता है । आज के तेज़ी और व्यक्तिवाद से भरे युग में, चींटी हमें बताती है कि शांति से किया गया तप और सामूहिक प्रयत्न ही सच्ची संस्कृति का निर्माण करते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है ? **1**

(A) चींटियों के लघु आकार पर

(B) चींटियों के प्रेरक जीवन पर

(C) निष्काम कर्म-भावना पर

(D) आदर्श नेता के गुणों पर

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : **1**

कथन : आकार से शक्ति का आकलन नहीं किया जा सकता ।

कारण : शक्ति केवल शारीरिक आकार पर निर्भर नहीं करती । मनुष्य की बौद्धिक क्षमता भी शक्ति को प्रभावित करती है ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) चींटियों के किस गुण को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है ? **1**

इस प्रश्न के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

(I) सहयोग (II) असहाय

(III) परिश्रमशीलता (IV) अनुशासन

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) चींटी 'निष्काम कर्म' की भावना का प्रतीक है, कैसे ? **2**

(v) सहयोगात्मक नेतृत्व क्या है ? इसके किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । **2**

खंड – ख

(व्यावहारिक व्याकरण) **(16)**

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) जब कुत्ते भौंकने लगे तब चोर भाग गए । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) प्रधानाचार्य की बातें सुनकर छात्र जोश से भर उठे । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) निरालाजी द्वारा रचित कविता सभी को पसंद आई । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(iv) आप नाटक देखने जाएँगे या सिनेमा । (वाक्य-भेद लिखिए)

(v) माली ने बच्चों को समझाया कि फूल तोड़ना ग़लत है । (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) सभी दर्शकों ने नाटक की प्रशंसा की । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ii) किसी के द्वारा दरवाजा खटखटाया जा रहा है । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iii) वह खड़ा नहीं हो सकता । (भाववाच्य में बदलिए)

(iv) छात्रों द्वारा परीक्षा दी जा रही है । (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए)

(v) लड़कियों ने देश-प्रेम का एक गीत सुनाया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) रामचरितमानस की रचना तुलसीदास के द्वारा की गई ।

(ii) बाग में कुछ लोग बैठे थे ।

(iii) अरे ! आप आ गए ।

(iv) खरगोश धीरे-धीरे झाड़ी के निकट आ गया ।

(v) मैं अपनी लिखावट पर ध्यान दूँगा ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) ले चला साथ मैं तुझे कनक । ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक ।

(ii) निर्मल तेरा नीर अमृत-सम उत्तम है ।

(iii) जगीं वनस्पतियाँ अलसाई, मुख धोती शीतल जल से ।

(iv) अंबर-पनघट में डुबों रही, तारा-घट उषा नागरी ।

(v) हनुमान की पूँछ में, लग न पायी आग ।
लंका सारी जल गई, गए निशाचर भाग ।।

खंड – ग

(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) (30)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

उस समय तक हमारे परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता थी – उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक । सन् '44 में सुशीला ने यह योग्यता प्राप्त की और शादी करके कोलकाता चली गई । दोनों बड़े भाई भी आगे पढ़ाई के लिए बाहर चले गए । इन लोगों की छत्र-छाया के हटते ही पहली बार मुझे नए सिरे से अपने वज़ूद का एहसास हुआ । लड़कियों को जिस उम्र में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सुघड़ गृहिणी और कुशल पाक-शास्त्री बनने के नुस्खे जुटाए जाते थे, पिताजी का आग्रह रहता था कि मैं रसोई से दूर ही रहूँ । रसोई को वे भटियारखाना कहते थे और उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था ।

(i) लड़की की वैवाहिक योग्यता से सिद्ध होता है, उस परिवार की –

(A) स्वतंत्र विचारधारा

(B) परंपरावादी मान्यता

(C) पाश्चात्य विचारधारा

(D) अत्याधुनिक सोच

(ii) उस समय लेखिका के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी ?

(A) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(B) उम्र में बारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(C) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में बारहवीं

(D) उम्र में अठारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(iii) लेखिका को रसोई से दूर रखने के पीछे, लेखिका के पिता का क्या उद्देश्य था ?

(A) उसे घरेलू कामों से दूर रखना

(B) उसकी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करना

(C) अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखना

(D) स्वयं पाक-कला के महत्त्व से अपरिचित रहना

(iv) बड़े बहन-भाई के परिवार से जाने के बाद क्या हुआ ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(I) परिवार में लेखिका का महत्त्व बढ़ गया ।

(II) पिताजी का ध्यान पहली बार लेखिका पर केंद्रित हुआ ।

(III) लेखिका को अपने अस्तित्व का बोध हुआ ।

(IV) लेखिका को पाक-शास्त्र पढ़ाया जाने लगा ।

विकल्प :

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं ।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) विकल्प (II) और (III) सही हैं ।

(D) केवल विकल्प (IV) सही है ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :

कथन : लेखिका के पिता रसोई को भटियारखाना कहते थे ।

कारण : उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

8. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,

मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।

इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास

यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलिन उपहास

तब भी कहते हो – कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।

तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे–यह गागर रीती ।

किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले –

अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले ।

(i) 'पत्तियों का मुरझाकर गिरना' किसका प्रतीक है ?

(A) जीवन की बाधाओं का

(B) जीवन की अनंतता का

(C) जीवन की नश्वरता का

(D) जीवन की निश्चितता का

(ii) 'तुम सुनकर सुख पाओगे' पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) मित्रों के लिए

(B) प्रेयसी के लिए

(C) अंतर्मन के लिए

(D) पाठकों के लिए

(iii) कवि ने अपने मित्रों से क्या-क्या सवाल किए हैं ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(I) क्या तुम मेरे जीवन के खालीपन को देखकर सुखी हो पाओगे ?

(II) कहीं मेरे जीवन का सुख लेकर तो तुमने अपने जीवन को नहीं भर लिया है ?

(III) आत्म-कथाओं का उपहास उड़ाया जाता है फिर तुम क्यों चाहते हो कि मैं अपनी दुर्बलता लिखूँ।

विकल्प :

(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं।

(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं।

(C) विकल्प (II) और (III) सही हैं।

(D) केवल विकल्प (I) सही है।

(iv) काव्यांश के संदर्भ में 'रीती गागर' से क्या अभिप्राय है ?

(A) धन-संपत्ति का अभाव

(B) जीवन में कोई अपना न होना

(C) सम्मान से रहित जीवन

(D) उपलब्धियों से रहित जीवन

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : कवि अपने जीवन की दुर्बलता समाज के सामने नहीं लाना चाहता।

कारण : लोगों के बीच कटाक्षपूर्ण मज़ाक बनने का भय।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

9. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में दीजिए : **3 × 2 = 6**

(i) सूरदास द्वारा रचित 'पद' में 'गुर चाँटी ज्यों पागी' कहने से गोपियों की किस मनोदशा की अभिव्यक्ति होती है ?

(ii) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' के आधार पर लिखिए लक्ष्मण और श्री राम के वचनों में मुख्य अंतर क्या था ?

(iii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता 'उत्साह' तथा 'अट नहीं रही है' में कौन–कौन सी ऋतुओं का वर्णन हुआ है ? आपको कौन सी ऋतु पसंद है और क्यों ? किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए ।

(iv) 'संगतकार' कविता में 'नौसिखिया' से क्या अभिप्राय है ? गायक को उसका बचपन कौन याद दिलाता है ?

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में वर्णित नेताजी की मूर्ति को चश्मा पहनाने वाले व्यक्ति को किस नाम से पुकारा जाता था ? उसका पेशा और आर्थिक स्थिति कैसी थी ? उसके व्यक्तित्व के किस गुण ने आपको प्रभावित किया है ?

(ii) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि हर वर्ष गंगा–स्नान जाते समय भगत किस नेम–व्रत का पालन करते थे ?

(iii) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

(iv) बिस्मिल्ला खाँ काशी छोड़कर अन्यत्र क्यों नहीं जाना चाहते थे ? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर लिखिए ।

11. पूरक पाठ्य–पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(i) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए कि भोलानाथ को उनके पिताजी अपने साथ पूजा में क्यों बैठाते थे ? यह भी स्पष्ट कीजिए की वह उसे नदी में मछलियों को दाना डालने के लिए क्यों ले जाते थे ?

(ii) लेखिका ने 'छाया' और 'माया' का अनूठा खेल किसे कहा है ? 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) कृतिकार की ईमानदारी से आप क्या समझते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि इस ईमानदारी के समक्ष किस तरह की लेखकीय विवशताएँ आ जाती हैं ?

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन) **(20)**

12. (i) आप ज्योति/प्रकाश हैं । आप सार्वजनिक स्थानों पर कुछ लोगों को धूम्रपान करते देखते हैं । उनकी इस आदत से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है । इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को लगभग **100 शब्दों** में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप ज्योति/प्रकाश हैं । आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है । उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए लगभग **100 शब्दों** में एक पत्र लिखिए ।

13. (i) रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसके प्रचार के लिए सोसायटी की ओर से लगभग **40 शब्दों** में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **1 × 4 = 4**

अथवा

(ii) आप नंदिनी/नंदन हैं । शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने प्रिय अध्यापक को बधाई देते हुए लगभग **40 शब्दों** में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए ।

14. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120 शब्दों** में एक अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(i) मोटापा : गंभीर स्वास्थ्य समस्या

- मोटापे का कारण क्या है ?
- मोटापा स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है ?
- संभावित समाधान

(ii) मधुर वाणी का प्रभाव

- वाणी की मधुरता का आशय
- मधुर वाणी का प्रभाव
- मधुर वाणी की आवश्यकता

(iii) मुझे कक्षा-प्रतिनिधि (मॉनिटर) बनना क्यों पसंद है ?

- नेतृत्व का आनंद
- जिम्मेदारी का अहसास
- अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा मिलने वाला महत्त्व

15. (i) आप अनुराधा/अनुराग हैं । आपने बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस) की डिग्री हासिल की है । एक दैनिक समाचार-पत्र में डाटा एनालिस्ट की नौकरी का विज्ञापन जारी हुआ है । इसके लिए लगभग **80 शब्दों** में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप अनुराधा/अनुराग हैं । आपके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पहले अनियमित थी । उसमें अब पर्याप्त सुधार हुआ है । विद्युत आपूर्ति निगम के महानिदेशक को धन्यवाद ज्ञापन के लिए लगभग **80 शब्दों** में एक ई-मेल लिखिए ।



अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026
कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002
प्रश्न पत्र कोड 3/4/2

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न (x) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✓) या (x) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंकन योजना मार्च, 2026

प्रश्न पत्र कोड: 3/4/2

विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

प्रश्न संख्या	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक
	[खंड - क] (अपठित बोध)	**14**
1.	अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(B) असफल मुसाफिर को	1
(ii)	(A) विकल्प (I) और (II) सही हैं।	1
(iii)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
(iv)	परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • बाहरी बाधाओं का ही नहीं, आंतरिक कमजोरियों का भी सामना करना • सफलता पाने के लिए स्वयं को सशक्त बनाना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर **अथवा** कविता के अर्थ से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • राह की बाधाओं / कठिनाइयों का प्रसन्नतापूर्वक सामना करना • लक्ष्य की ओर निरंतर गतिमान रहना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)	2

	* दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर **अथवा** कविता के अर्थ से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
2.	अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(B) चींटियों के प्रेरक जीवन पर	1
(ii)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	1
(iii)	(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं।	1
(iv)	परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • मौन भाव से योगदान • फल की आसक्ति के बिना कर्मरत रहना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए **एक-एक** उपयुक्त बिंदु में उत्तर लिखेंगे- **<u>सहयोगात्मक नेतृत्व</u> :** नेतृत्व की ऐसी शैली जहाँ सभी मिलकर योगदान दें;	2

	<u>लाभ</u> : सभी की सफलता सुनिश्चित * प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * प्रश्न के किसी भी एक हिस्से का उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
	[खंड - ख] (व्यावहारिक व्याकरण)	**16**
3.	'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	कुत्तों के भौंकने पर चोर भाग गए।	1
(ii)	छात्रों ने प्रधानाचार्य की बातें सुनीं और जोश से भर उठे।/ प्रधानाचार्य की बातें सुनीं और छात्र जोश से भर उठे।	1
(iii)	वह कविता सभी को पसंद आई, जो निरालाजी द्वारा रचित थी।/ निरालाजी द्वारा जो कविता रची गई, वह सभी को पसंद आई।/ जो कविता सभी को पसंद आई, वह निरालाजी द्वारा रचित थी।	1
(iv)	संयुक्त वाक्य	1
(v)	संज्ञा आश्रित उपवाक्य	1
4.	'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	सभी दर्शकों द्वारा/ के द्वारा नाटक की प्रशंसा की गई।	1
(ii)	कोई दरवाजा खटखटा रहा है।	1
(iii)	उससे खड़ा नहीं हुआ जाता।	1
(iv)	कर्मवाच्य	1

(v)	लड़कियों द्वारा/ के द्वारा देश-प्रेम का एक गीत सुनाया गया।	1
5.	'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित :	4
(i)	**रामचरितमानस**- संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक	½+½=1
(ii)	**बैठे थे**- क्रिया, अकर्मक, भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन	½+½=1
(iii)	**अरे!**- अव्यय, विस्मयादिबोधक, विस्मय/ हर्षसूचक	½+½=1
(iv)	**धीरे-धीरे**- अव्यय, क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'आ गया' क्रिया की विशेषता	½+½=1
(v)	**अपनी**- विशेषण, सार्वनामिक/ संकेतवाचक, 'लिखावट' विशेष्य, स्त्रीलिंग, एकवचन	½+½=1
6.	'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	उत्प्रेक्षा अलंकार	1
(ii)	उपमा अलंकार	1
(iii)	मानवीकरण अलंकार	1
(iv)	रूपक अलंकार	1
(v)	अतिशयोक्ति अलंकार	1
	[खंड - ग] (पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)	**30**
7.	पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	5
(i)	(B) परंपरावादी मान्यता	1
(ii)	(A) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक	1
(iii)	(B) उसकी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करना	1

(iv)	(C) विकल्प (II) और (III) सही हैं।	1
(v)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
8.	पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	5
(i)	(C) जीवन की नश्वरता का	1
(ii)	(A) मित्रों के लिए	1
(iii)	(B) विकल्प (I), (II) और (III) सही हैं।	1
(iv)	(D) उपलब्धियों से रहित जीवन	1
(v)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
9.	निर्धारित कविताओं के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **<u>तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	6
(i)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • अनन्य, निश्छल, दृढ़ और एकनिष्ठ प्रेम • पूर्ण समर्पण और जुड़ाव • अटूट आकर्षण • अलगाव असंभव • विवशता (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * कविता के आधार पर कृष्ण के प्रति गोपियों की भावनाओं के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2

(ii)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **एक** उपयुक्त **अंतर** लिखेंगे- • लक्ष्मण के वचनों में उद्दंडता/ व्यंग्यात्मकता/ उग्रता; • श्री राम के वचनों में विनम्रता/ विनयशीलता/ आत्मसंयम * एक उपयुक्त अंतर को स्पष्टता से लिखने पर (2 अंक) --- * केवल श्री राम **या** केवल लक्ष्मण के वचनों के विषय में लिखने पर **अथवा** एक उपयुक्त अंतर को संक्षेप में लिखने पर अथवा * कविता के आधार पर लक्ष्मण और श्री राम दोनों के बारे में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * कविता के आधार पर लक्ष्मण **या** श्री राम के बारे में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के पहले हिस्से का **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **कविता में वर्णित ऋतुएँ :** • 'उत्साह'- वर्षा ऋतु • 'अट नहीं रही है'- वसंत ऋतु परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- सर्दी की ऋतु; इसमें मेरे पसंदीदा त्योहार जैसे दीपावली, क्रिसमस आते हैं और छुट्टियाँ मिलती हैं। * प्रश्न के पहले और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½+½+½+½ =2 अंक) --- * प्रश्न के पहले हिस्से के लिए दो बिंदु और दूसरे हिस्से में ऋतु का नाम **या** कारण मात्र लिखने पर अथवा प्रश्न के पहले हिस्से के लिए केवल एक बिंदु और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1.5 अंक) * केवल अपनी पसंदीदा ऋतु और कारण लिखने पर (1 अंक)	2

	---------- * प्रश्न के पहले हिस्से में किसी **एक** ऋतु का नाम लिखने **अथवा** अपनी पसंदीदा ऋतु का उल्लेख मात्र करने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iv)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों का **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • नौसिखिया : जिसने अभी सीखना आरंभ किया हो/ जिसने नया-नया सीखा हो/ जो अभी दक्ष या कुशल न हुआ हो • गायक को उसका बचपन संगतकार याद दिलाता है। * प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) ---------- * केवल एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) ---------- * संगतकार के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
10.	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	6
(i)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के पहले तीन हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **<u>नाम</u> :** कैप्टन; **<u>पेशा</u> :** फेरी लगाकर चश्मा बेचना; **<u>आर्थिक स्थिति</u> :** अत्यंत साधारण; प्रश्न के चौथे हिस्से के लिए परीक्षार्थी **एक** बिंदु में स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- **<u>गुण :</u>** • देशभक्तों के प्रति सम्मान • देशभक्ति की भावना • जागरूकता	2

	• स्वावलंबन * प्रश्न के चारों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +½ +½ +½=2 अंक) --- * प्रश्न के किन्हीं तीन हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1.5 अंक) --- * प्रश्न के किन्हीं दो हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर अथवा पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत प्रासंगिक वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- *असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • घर से खाकर निकलना और रास्ते में केवल पानी ही पीना • भिक्षा नहीं माँगना • तीस कोस तक पैदल ही यात्रा करना • संत समागम (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत प्रासंगिक वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • भीड़ से बचने के लिए • एकांत में नई कहानी के बारे में सोचने के लिए	2

	• खिड़की से प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए • अधिक दूरी की यात्रा न होने के कारण * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत प्रासंगिक वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iv)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • काशी से असीम लगाव • बालाजी मंदिर के प्रांगण में नियमित रियाज़ • गंगा मैया और बाबा विश्वनाथ से उनका गहरा जुड़ाव • उनके खानदान की अनेक पुश्तों द्वारा काशी में रहकर शहनाई वादन (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत प्रासंगिक वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
11.	पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	8
(i)	प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो-दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **भोलानाथ को अपने साथ पूजा में बैठाने का कारण :** • अपनी नियमित दिनचर्या में बच्चे को सहज रूप से शामिल करना	4

	• धार्मिक संस्कार और आस्था विकसित करना • ईश्वर के प्रति श्रद्धा की भावना विकसित करना • धैर्य, शांति, एकाग्रता और अनुकरण से सीखने का अवसर देना • नियमित पूजा-पाठ उनकी दिनचर्या का हिस्सा होना **नदी में मछलियों को दाना डालने के लिए ले जाने का कारण :** • मछलियों को दाना डालना उनकी दिनचर्या का हिस्सा होना • भोलानाथ में दयालुता और करुणा की भावना विकसित करना • प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता के भाव विकसित करना • परोपकार और सह-अस्तित्व का महत्त्व समझाना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+1+1= 4 अंक) --- * प्रश्न के किसी भी एक हिस्से में दो बिंदु और दूसरे में कोई एक बिंदु लिखने पर (3 अंक) --- * प्रश्न के किसी एक हिस्से के दो बिंदु **अथवा** दोनों हिस्सों में एक-एक बिंदु लिखने पर (2 अंक) --- * प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने **अथवा** प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर किसी **एक** बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **छाया और माया :** • प्रकृति में दिखाई देने वाले प्रकाश और छाया के बदलते रूप • पर्वतों, बादलों और सूर्य के कारण कभी धूप तो कभी छाया • बादलों के आने-जाने से पहाड़ों और घाटियों पर दिखाई देती अलग-अलग आकृतियाँ और रंग • बदलते दृश्यों से प्रकृति का रहस्यमयी, अलौकिक और आकर्षक रूप * पर्याप्त विस्तार सहित **एक** बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (4 अंक) --- * उपयुक्त परंतु संक्षिप्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)	4

	--- * प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक) --- * पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **एक** बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **कृतिकार की ईमानदारी का अर्थ :** • अपने सम्मुख सदैव यह भेद बनाए रखना कि कौन-सी कृति भीतरी प्रेरणा का फल है और कौन-सा लेखन बाहरी दबाव का • मन के दबाव/ भीतरी विवशता से मुक्त होने के लिए लेखन प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **तीन** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **लेखकीय विवशताएँ :** • संपादक का आग्रह • प्रकाशक का दबाव • आर्थिक आवश्यकताएँ * प्रश्न के दोनों हिस्सों के उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+3= 4 अंक) --- * पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने एवं दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक) --- * पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) --- * पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने परंतु दूसरे हिस्से का उत्तर न लिख पाने पर **या** गलत लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)	4

	---------- *असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
	[खंड - घ] (रचनात्मक लेखन)	**20**
12. (i) अथवा (ii)	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित : **पत्र-लेखन :** • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (पता, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने, सेवा में आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	5
13. (i)	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन **अथवा** संदेश लेखन अपेक्षित : **विज्ञापन-लेखन :** • रचनात्मकता = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • समग्र प्रभाव = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा प्रयोग/प्रस्तुति; दोनों स्तरों पर रचनात्मकता के प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।	4

अथवा (ii)	• विज्ञापन में आकर्षक भाषिक प्रयोग के उद्देश्य से अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग स्वीकार्य है। • विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। **संदेश-लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (संबोधन, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	
14.	किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लेखन अपेक्षित : **अनुच्छेद-लेखन** • भूमिका = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • निष्कर्ष = 1 अंक • भाषा शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।	6

	• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	
15. (i)	किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में ई-मेल **अथवा** स्ववृत्त लेखन अपेक्षित : **स्ववृत्त-लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर • शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।	5
अथवा (ii)	**ई-मेल लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	